प्रदान व प्रशासन मिलकर लोगो के बीच खाने की सामग्री पहुचाने का काम हुआ शुभारम्भ

Share this on WhatsApp

रामगोपाल जेना

चक्रधरपूर : प्रदान संस्था व प्रशासन मिलकर गरीबो के बीच राशन पहुंचाने का कार्य शुरू कर दी है आज इसकी शुभारम्भ बीडीओ रामनारायण सिंह के हाथों हुआ। जानकरी के अनुसार 400 फ़ूड किट चक्रधरपुर ,बंदगांव और सोनुआ प्रखंड के गरीब परिवारों को दिया जा रहा है गांव के अति गरीब परिवारों को 21 दिन के लक डाउन में खाने के आपूर्ति हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रदान संस्था के साझे प्रयास से लोगो तक फ़ूड किट पहुंचाया जा रहा है (चावल,दाल,आलू,तेल,नामक,हल्दी,साबुन) पहुचाने हेतू प्रखण्ड स्तर से हरि झण्डी बीडीओ के द्वारा दिखाकर की गई सुरुवात की गई। आने वाले सप्ताह में हर दिन इस तरह फूड किट चक्रधरपुर ,बंदगांव और सोनुआ प्रखंड के अति गरीब परिवारों तक राशन पहुचाने का कार्य चलेगा। इस कार्य को करने में मुखिया, मुंडा भरपूर सहियोग कर रहे है।